HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

(Tenth Session)

Questions For Written Answers

Monday, the 30th November, 2015 /9th Agrahayana, 1937 (Saka)

[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Health & Family Welfare Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Forest Minister - Industries Minister - Urban Development Minister - Excise & Taxation Minister - Social Justice & Empowerment Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister and Cooperation Minister].

Total No. of Questions - 7

Budget Allocation

1071 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Budget allocation in the deposit and restoration of damages Head of PWD is less than the last year ; and

(b) if yes, details alongwith reasons be given?

खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों हेतु धनराशि

1072 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 7 नवम्बर, 2015 तक

युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए कौन-कौन सी योजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा योजनावार स्वीकृत धनराशि सहित दें ?

नए कार्यालय की स्थापना

1073 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में उप-मण्डल दण्डाधिकारी (ना0) के कितने कार्यालय स्वीकृत हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 7 नवम्बर, 2015 तक प्रदेश में उप-मण्डल दण्डाधिकारी(ना0) के कितने कार्यालय नए खोले गए; ब्यौरा दें ?

बसों को बदलना

1074 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में हिमाचल पथ परिवहन निगम के कुल कितने डिपो हैं और कितने डिपुओं को 'ए' क्लास का दर्ज़ा दिया गया है; ब्यौरा जिलाशः दें;

(ख) कौन-कौन से डिपो घाटे में चल रहे हैं; ब्यौरा उनकी वार्षिक आय-व्यय सहित दें; और

(ग) कितनी-कितनी बसें प्रति डिपो हैं और कितनी बसें ऐसी हैं जो निर्धारित Mileage पूर्ण कर चुकी हैं और सरकार इन बसों को कब तक बदलने का विचार रखती है; ब्यौरा डिपोशः दें?

राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21

1075 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि NH-21 रामशिला कुल्लू से मनाली तक सड़क को Double lane करने के लिए NHAI द्वारा भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रारम्भ किया गया है; यदि हां, तो अभी तक कितना कार्य किया जा चुका है और यह कब तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है;

(ख) इसके निर्माण हेतु कुल कितने लोगों द्वारा objection file किए गए हैं; उनकी सूची शिकायत पत्रों सहित सभा पटल पर रखें तथा सरकार द्वारा उनके समाधान के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) अधिग्रहित की गई भूमि के लिए भूमि मालिकों को किस आधार पर मुआवजा प्रदान किया जाएगा ?

सिंचाई/पेयजल योजनाएं

1076 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि वर्तमान में सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य मण्डल, कुल्लू के अन्तर्गत कुल कितनी पेयजल तथा सिंचाई योजनाओं की DPRs बनाने का कार्य प्रगति पर है; ब्यौरा योजनावार दें?

एफ0सी0ए0 स्वीकृति

1077 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कुल कितनी सड़कें व पुल FCA Clearance न होने के कारण PMGSY एवं NABARD के अन्तर्गत रूकी हैं; ब्यौरा सड़कवार दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**

दिनांकः 19 नवम्बर, 2015. **सचिव।**